| |
|---|
| दिनांक 10.05.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 16/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा यूपीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस परिवार की बेटी को किया गया सम्मानित

**श्री प्रशान्त कुमार**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांकः 10.05.2025 को पुलिस मुख्यालय में यूपीएससी परीक्षा में टॉप कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पुलिस परिवार की बेटी सुश्री शक्ति दुबे को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा सुश्री शक्ति दुबे के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सुश्री शक्ति दुबे का यूपीएससी परीक्षा में टॉप कर प्रथम स्थान प्राप्त करना पुलिस परिवार के साथ–साथ पूरे उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित करता है।

उल्लेखनीय है कि सुश्री शक्ति दुबे के पिता श्री देवेन्द्र कुमार द्विवेदी पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर वर्तमान में कमिश्नरेट प्रयागराज में तैनात हैं। सुश्री शक्ति दुबे ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यूपीएससी 2024 में टॉप कर इतिहास रचा है। सुश्री शक्ति दुबे ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से बायोकैमेस्ट्री में एमएससी की है। वर्ष 2018 में पोस्ट ग्रेजुएट होने के बाद शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और शहर को गौरवान्वित किया है, बल्कि लाखों यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं।

इस अवसर पर सुश्री शक्ति दुबे द्वारा पुलिस परिवार के अन्य बेटे व बेटियां, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनसे मुलाकात कर उन्हें मोटीवेट किया गया तथा उनके जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर देते हुये कहा किः–

- यूपीएससी की परीक्षा पास करने के लिये हिन्दी या अंग्रेजी किसी भी माध्यम से तैयारी कर सकते हैं। माध्यम सफलता में कभी बाधा नहीं बनता है, बस आप में दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।

- किसी भी परीक्षा को यदि आप एक या दो बार में पास नहीं कर पाये तो आपको हिम्मत नहीं हारनी चाहिये, बल्कि पहले से और अधिक मेहनत व लगन से तैयारी करें सफलता अवश्य मिलेगी। मेरे को भी यह सफलता 5th Attempt में प्राप्त हुयी है।
- आज कल हर परीक्षा की तैयारी के लिये बहुत अधिक लाभप्रद जानकारी व सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध हैं, उनका उपयोग कर आप अपनी तैयारियां कर सकते हैं।
- किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिये उस परीक्षा में पूर्व में आये प्रश्न पत्रों को अवश्य हल करें, जिससे उस परीक्षा के पैटर्न की जानकारी भी होती है तथा आपकी तैयारी में भी सहायता मिलती है।
- किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को पास करने के लिये कोई टेक्निक या शार्ट कट काम नहीं आता है उसके लिये आपको निरंतर तैयारी के साथ–साथ प्रतिदिन लगभग 8 से 10 घंटे की पढ़ाई अवश्य करनी चाहिये।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये समसामयिक विषयों की अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिये, जिसके लिये न्यूज पेपर प्रतिदिन अवश्य पढ़े।

कार्यक्रम के अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक जाआरपी, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उ0प्र0 सहित सुश्री शक्ति दुबे के पिता व अन्य परिवारीजन उपस्थित रहे।








सिविल सेवा परीक्षा- 2024
की टॉपर सुश्री शक्ति दुबे
का पुलिस मुख्यालय में
स्वागत एवं अभिनन्दन



| |
|---|
| दिनांक 10.05.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 17/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना नई मण्डी**

- **पुलिस कार्यवाही में 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **22 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 09.05.2025 को थाना नई मण्डी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान बागोवाली चौराहे के पास बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मुस्तकीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 22 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना नई मण्डी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, मेरठ, हापुड़ के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मुस्तकीम निवासी ग्राम चिरचिटा थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—22 हजार रूपये नगद।

2—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद संतकबीरनगर/थाना कोतवाली खलीलाबाद**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **लगभग 04 लाख 25 हजार कीमत के पीली—सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 10 हजार 80 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया व 01 दो पहिया वाहन**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 10.05.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खुशी ढाबा के पास से 06 अभियुक्तों 1—राधारमन 2—अतुल 3—रंजित 4—गौतम उर्फ सन्दीप 5—राहुल 6—सतीश को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 04 लाख 25 हजार रूपये कीमत के पीली—सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 10 हजार 80 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया व 01 दो पहिया वाहन, 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, नगद रूपये उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राधारमन निवासी बनियवां कस्बा सिसवां थाना कोठीभार जनपद महराजगंज।

2–अतुल निवासी बंरवा कला थाना सिन्दुरियां जनपद महराजगंज।

3–रंजित निवासी नेहरू नगर वार्ड नं0 1 महराजगंज।

4–गौतम उर्फ सन्दीप निवासी परसा गिदही थाना घुघली जनपद महराजगंज।

5–राहुल निवासी हरखपुर सोनबरसा थाना घुघली जनपद महराजगंज।

6–सतीश निवासी रामपुर बांगड थाना नेबुआ नौरिंगया जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1– लगभग 04 लाख 25 हजार रूपये कीमत के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 10 हजार 80 रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया व 01 दो पहिया वाहन।

4–02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद महराजगंज/थाना भिटौली**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में सफेद–पीली धातु के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध पिस्टल मय खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 10.05.2025 को थाना भिटौली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अगया से गंगराई नगर पटरी अमवा भैंसी के पास बदमाशों की घेराबंदी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–अरविंद उर्फ बड़कू घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–अनूप सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में सफेद–पीली धातु के आभूषण, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध

पिस्टल मय खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना भिटौली क्षेत्रान्तर्गत बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना भिटौली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण उक्त घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त अरविंद के विरूद्ध जनपद महराजगंज, गोरखपुर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना भिटौली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरविंद उर्फ बड़कू निवासी गायघाट खुर्द थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर।

2–अनूप निवासी कुसुमी बाजार टोला जरदा थाना एम्स जनपद गोरखपुर।

3–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–भारी मात्रा में सफेद–पीली धातु के आभूषण।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

3–01 अवैध पिस्टल मय खोखा कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट प्रयागराज/थाना सिविल लाइन्स**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **04 चेन, 01 लॉकेट (पीली धातु)**
- **चोरी के 04 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 10.05.2025 को थाना सिविल लाइन्स, थाना धूमनगंज, थाना पूरामुफ्ती व थाना कैण्ट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बसंत बिहार कालोनी गेट के पास से 06 अभियुक्तों 1–अनुभव उर्फ ईशू 2–राहुल उर्फ नन्हा 3–सौरभ 4–सोनू

5–अंशू 6–आशीष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 04 चेन, 01 लॉकेट (पीली धातु), चोरी के 04 मोबाइल फोन, चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पर अभियोग पंजीकृत अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनुभव उर्फ ईशू निवासी गयासुद्दीनपुर ट्रांसपोर्ट नगर थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

2–राहुल उर्फ नन्हा निवासी भागलपुरवा थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

3–सौरभ निवासी गद्दी चौराहा ट्रांसपोर्ट नगर थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

4–सोनू निवासी भागलपुरवा थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

5–अंशू निवासी मीरापट्टी थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

6–आशीष निवासी भागलपुरवा थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

**बरामदगी**

1–04 चेन, 01 लॉकेट (पीली धातु)।

2–चोरी के 04 मोबाइल फोन।

3–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना सिकन्द्राबाद

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 09/10.05.2025 की रात्रि थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जौली गेट के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को

रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सुमित घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के थाना सिकन्द्राबाद पर हत्या, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– सुमित निवासी ग्राम जौली थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**एनएनटीएफ/एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट लखनऊ**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 70 लाख (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 812 ग्राम अवैध मादक पदार्थ मार्फीन एवं 995 ग्राम अवैध अफीम**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 10.05.2025 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट लखनऊ द्वारा सूचना के आधार पर रूमी दरवाजे के पास से अभियुक्त अम्मार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 70 लाख (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 812 ग्राम अवैध मादक पदार्थ मार्फीन एवं 995 ग्राम अवैध अफीम, 02 मोबाइल फोन, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना चौक लखनऊ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– अम्मार निवासी मोहल्ला राधाग्राम थाना ठाकुरगंज, लखनऊ।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 70 लाख (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 812 ग्राम अवैध मादक पदार्थ मार्फीन एवं 995 ग्राम अवैध अफीम।

2–02 मोबाइल फोन।

3–01 चार पहिया वाहन आदि।

## एस0टी0एफ0:–अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाले 03 अभियुक्त जनपद एटा से गिरफ्तार।

दिनांक 09–05–2025 को एसटीएफ उ0प्र0 अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाले 03 अभियुक्तों को 16 अदद तमंचे 315 बोर व .32 बोर अवैध के साथ थाना कोतवाली नगर जनपद एटा से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः**

1– सीनू पुत्र भोलू उर्फ भोले निवासी ग्राम बांकनेर थाना कोतवाली कासंगज जनपद कासगंज।

2– मीनू पुत्र भोलू उर्फ भोले निवासी ग्राम बांकनेर थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज।

3– मोरसिंह यादव पुत्र नन्दराम निवासी शान्तिविहार थाना सुभाष नगर जनपद बरेली।

**बरामदगीः**

1– 16 अदद तमंचे (315 बोर व .32 बोर)

2– 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

3– 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर

4– 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर

5– 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर

6– तमंचे बनाने में प्रयोग किये जाने वाले औजार/उपकरण।

7— 01 अदद ऑटो नम्बर यू0पी0 82 टी 9632

**<u>गिरफ्तारी का स्थान व समयः</u>**

नगला चन्दन स्थित मकान, थाना कोतवाली नगर जनपद एटा। दिनांक 09—05—2025 समय 18:45 बजे।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवैध तमंचो की फैक्ट्री चलाने वालों के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रही थी । इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाइयों को अभिसूचना संकलन व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री अब्दुल कादिर, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

उ0नि0 अमित कुमार के नेतृत्व में मु0आ0 रामजी लाल, मु0आ0 शिवओम पाठक, मु0आ0 सुनित, आरक्षी संजय यादव व आ0कमाण्डो रामकिशन वर्मा की एक टीम जनपद एटा में भ्रमणषील थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना कोतवाली जनपद एटा क्षेत्रान्तर्गत नगला चन्दन स्थित एक मकान में अवैध रूप में असलहे बनाये जा रहे है। प्राप्त सूचना पर एसटीएफ टीम स्थान स्थानीय पुलिस को साथ लेकर नगला चन्दन स्थित मकान से 03 अभियुक्तों को अवैध शस्त्र बताने समय गिरफ्तार कर लिया गया, मौके से उपरोक्त बरामदगी हुई।

पूछताछ में अभियुक्त सीनू व मीनू ने बताया कि हम लोग ताला बनाने के नाम पर किराये पर मकान लिये थे। उक्त मकान में हम लोग अवैध रूप से तमंचा बनाने की फैक्ट्री का संचालन करते थे। अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में 315 बोर के अवैध असलहे बनाकर जनपद बरेली, एटा एवं आस—पास के जनपदों में ऊचे दामों पर सप्लाई करते थे। गिरफ्तार अभियुक्त मोर सिंह ने बताया वह सीनू व मीनू उपरोक्त का रिश्ते में फूफा लगता है। वह सीनू व मीनू से तमंचे खरीदकर बरेली व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता है। वह आज भी सीनू व मीनू से असलहा लेने के लिए आया हुआ था।

उपरोक्त अभियुक्तो के विरूद्ध थाना कोतवाली जनपद एटा पर मु0अ0सं0 226/2025 धारा 3/5/25 पंजीकृत कराया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।

———————